# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 02/05/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 01.05.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र गाज़ीपुर द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए 05 परिवार की कराई गई विदाई।**

आज दिनांक 01.05.2025 को कार्यालय महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र गाज़ीपुर में श्रीमान पुलिस अधीक्षक डॉ0 ईरज राजा के कुशल निर्देशन में पति पत्नी के विवाद से संबंधित कुल 10 प्रकरण को सुना गया जिसमे काफी समय से विवादित चल रहे 05 प्रकरण में दोनों पक्षों को बैठा कर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भूला कर विदाई करवाई गई 01प्रकरण में कुशलता प्रकट होने पर पत्रावली बंद कर दी गई 02 प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई 02 प्रकरण में अभी मध्यस्ता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई इन सभी प्रकरण के निस्तारण में काउंसलर वीरेंद्र नाथ राम, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी अभिलाषा, आरक्षी शिव शंकर यादव, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

**02- थाना जंगीपुर पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्ट्राग्राम पर हिन्दू धर्म के आराध्य प्रभु श्रीराम जी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01.05.2025 को थानाध्यक्ष जंगीपुर मय हमराह पुलिस बल द्वारा सोशल मीडिया इन्स्ट्राग्राम पर हिन्दू धर्म के आराध्य प्रभु श्री राम जी पर गलत टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले अभियुक्त गोविन्द कुमार पुत्र रामकेर राम निवासी मदारपुर धधिया थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष को मदारपुर चौराहे से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 79/25 धारा 299 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

गोविन्द कुमार पुत्र रामकेर राम निवासी मदारपुर धधिया थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष

**<u>आपराधिक इतिहास</u>**

मु0अ0सं0 79/25 धारा 299 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**